आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेषिक समाचार बुलेटिन

18.45 शुक्रवार दिनांक 02.08.2024

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><

मुख्य समाचारः–

1– राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राष्ट्रपति भवन में राज्यपालों के दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन किया–छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका भी सम्मेलन में हो रहे हैं शामिल।

2– राज्य सरकार फिर से शुरू करेगी चरण पादुका वितरण और सरस्वती सायकल योजना–मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने की घोषणा।

3– राज्य सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के बीस अधिकारियों का किया तबादला–तीन जिलों के कलेक्टर और दो संभागों के कमिश्नर बदले गए।

और

4– मौसम विभाग ने उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा की चेतावनी जारी की।

................

राज्यपाल–सम्मेलन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राष्ट्रपति भवन में राज्यपालों के दो दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि देश में तीन नए कानूनों के लागू होने से

न्याय प्रणाली का एक नया युग शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि लोगों की सोच में बदलाव कानूनों के नाम– भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम से स्पष्ट है।

राष्ट्रपति मुर्मू ने यह भी कहा कि लोकतंत्र के लिए यह महत्वपूर्ण है कि विभिन्न केंद्रीय एजेंसियां सभी राज्यों में बेहतर समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने राज्यपालों से कहा कि वे संबंधित राज्यों के संवैधानिक प्रमुख के रूप में इस समन्वय को बढ़ावा दे सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शैक्षणिक संस्थानों की मान्यता और मूल्यांकन प्रणाली में सुधार पर जोर दिया गया है। उन्होंने राज्यपालों से विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के रूप में इस सुधार प्रक्रिया में योगदान देने का आग्रह किया।

राष्ट्रपति ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए कई प्रयास किए जा रहे हैं। राज्यपाल ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान को बड़े पैमाने पर जन आंदोलन बनाकर इसमें अपना योगदान दे सकते हैं।

वहीं, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए राज्यपालों की शपथ का उल्लेख किया और उनसे सामाजिक कल्याण योजनाओं और विकास के बारे में लोगों को जागरूक करने का आग्रह किया।

इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में, राज्यपालों से केंद्र और राज्य के बीच एक प्रभावी भूमिका निभाने की अपील की। उन्होंने योजनाओं से वंचित लोगों की सहायता के लिए राज्यपालों को जनता और सामाजिक संगठनों के साथ विचार–विमर्श करने के लिए कहा।

इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका भी शामिल हुए।

मुख्यमंत्री–बस्तर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने जगदलपुर प्रवास के दौरान घोषणा की है कि राज्य सरकार जल्द ही चरण पादुका वितरण योजना और सरस्वती सायकल योजना फिर से शुरू करेगी। मुख्यमंत्री ने कल जगदलपुर के कृषि महाविद्यालय परिसर में आयोजित जिला स्तरीय महिला सम्मेलन कार्यक्रम में यह बात कही।। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विधायक किरण देव की मांग पर जगदलपुर शहर में लम्बे समय से अधूरे पड़े ऑडिटोरियम का निर्माण पूरा कराने के लिए एक करोड़ रूपए की राशि भी मंजूर की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार की भांति छत्तीसगढ़ की सरकार भी गरीबो के कल्याण, विकास और खुशहाली के लिए समर्पित है। गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा आदिवासी पिछड़े सभी वर्ग के विकास के लिए योजना चलायी जा रही हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि दो हजार सैंतालीस तक भारत को विकसित देश बनाने के मिशन में केन्द्र सरकार का सहयोग छत्तीसगढ़ को मिल रहा ळें

तबादला

राज्य सरकार ने कल भारतीय प्रशासनिक सेवा के बीस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। इनमें तीन जिलों के कलेक्टरों और दो संभागों के कमिश्नर शामिल हैं। महादेव कावरे को रायपुर संभाग का आयुक्त बनाया गया है। वहीं, नीलम नागदेव एक्का को बिलासपुर संभाग का आयुक्त नियुक्त किया गया है। इसके अलावा विनय कुमार लंगेह को महासमुंद जिले का कलेक्टर बनाया गया है। साथ ही चंदन संजय त्रिपाठी को कोरिया कलेक्टर और संबित मिश्रा को बीजापुर का नया कलेक्टर नियुक्त किया गया है।

जनसमस्या निवारण शिविर

उप मुख्यमंत्री अरुण साव बिलासपुर के तारबहार में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल हुए। उन्होंने करीब डेढ़ दर्जन महिलाओं को शिविर में नवीनीकृत राशन कार्ड वितरित किए। उन्होंने शिविर में लगे सभी स्टॉलों का अवलोकन किया और प्रत्येक स्टॉल पर मिल रही शिकायतों और उनके निराकरण की जानकारी ली। श्री साव ने शिविर में पहुंचे लोगों से भी मुलाकात की और उनकी समस्याओं पर चर्चा कर निदान के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर विधायक सुशांत शुक्ला, कलेक्टर अवनीश शरण और नगर निगम के आयुक्त अमित कुमार भी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि तारबहार जनसमस्या निवारण शिविर में कुल दो सौ तेरह आवेदन प्राप्त हुए हैं।

वहीं, उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत बिलासपुर के मोपका में आयोजित पौधा रोपण कार्यक्रम में अपनी मां के सम्मान में पीपल का पौधा लगाया।

माओवादी स्मारक ध्वस्त

बीजापुर ज़िलें में सुरक्षा बलों ने माओवादियों द्वारा बनाए गए दो स्मारकों को ध्वस्त कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार डीआरजी और बस्तर फाइटर की टीम मद्देड़ थाना क्षेत्र के बंदेपारा–कोरंजेड़ की ओर तलाशी अभियान के लिए निकली थी। इस दौरान संयुक्त टीम द्वारा ग्राम बन्देपारा में माओवादियों द्वारा बनाए गए पन्द्रह–पन्द्रह फिट ऊंचाई के दो माओवादी स्मारकों को ध्वस्त किया गया। इलाके में पुलिस गश्त जारी है।

अग्निवीर–प्रशिक्षण

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने रायगढ़ जिला मुख्यालय के पुलिस लाइन उर्दना में अग्निवीर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अग्निवीर में चयन से युवाओं को देश सेवा का मौका मिलेगा। उनका आत्मसम्मान बढ़ेगा और वे आत्मनिर्भर होंगे। श्री चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार ने अग्निवीरों को प्रदेश की स्थानीय भर्तियों में प्राथमिकता देने का निर्णय लिया है। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को अपने स्वेच्छानुदान मद से पांच–पांच हजार रूपए सहायता राशि देने की घोषणा की। साथ ही अभ्यर्थियों को ट्रेनिंग के लिए जूते और ट्रैक सूट भी प्रदान किए।

वित्तमंत्री–केन्द्रीय बजट

छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी ने अपने कोरबा प्रवास के दौरान केंद्र सरकार के आम बजट के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्रीय बजट अमृतकाल के विजन का नींव है। यह बजट विकसित भारत की संकल्प यात्रा का दिशा–निर्देशक बजट है, जो समृद्ध और दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ विकसित भारत के संकल्प को नई मजबूती प्रदान करेगा। यह बजट देश की आर्थिक उन्नति को बढ़ावा देगा और प्रगति की नई ऊंचाइयों तक पहुँचाने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि इस बजट में हर वर्ग के हितों का ध्यान रखा गया है।

## वित्त मंत्री–आईआईएम

नवा रायपुर स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान–आईआईएम में आयोजित कार्यशाला में वित्तमंत्री ओपी चौधरी शामिल हुए। कार्यशाला को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दो हजार सैंतालीस तक प्रदेश को विकसित बनाने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। छत्तीसगढ़ में विकास की असीम संभावनाएं हैं। इसके मद्देनजर राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने की रणनीति तैयार की है। इस कार्यशाला का आयोजन ट्रांसफॉर्म रूरल इंडिया द्वारा किया गया था।

इस कार्यशाला में ग्रामीण विकास, पर्यावरणीय स्थिरता, और सामाजिक प्रगति से जुड़े मुद्दों पर विचार–विमर्श किया गया। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में जलवायु–संवेदनशीलता, हरित विकास और वन हेल्थ मिशन पर भी चर्चा की गई।

## नई औद्योगिक नीति

वाणिज्य और उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम–सीएसआईडीसी की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा कि प्रदेश की नई औद्योगिक नीति आगामी एक नवम्बर से लागू होगी। इससे प्रदेश में बेहतर औद्योगिक वातावरण का निर्माण होगा और रोजगार के अवसर बढेंगे।

बैठक में नवा रायपुर में फार्मास्युटिकल पार्क की स्थापना किये जाने की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई। पार्क की स्थापना से निवेश के साथ ही स्थानीय रोजगार को बढावा मिलेगा। इसके अलावा जांजगीर–चांपा और राजनांदगांव जिले में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना को सैद्धांतिक मंजूरी

दी गई। बैठक में सीएसआईडीसी के नवा रायपुर स्थित भूमि पर उद्योग भवन का निर्माण किये जाने पर भी चर्चा की गई।

इस बीच, श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने राज्य के तैंतीस हजार से अधिक निर्माणी श्रमिकों और उनके परिजनों को चौदह करोड़ रूपए से अधिक की राशि डीबीटी के माध्यम से प्रदान करने की घोषणा की है।

श्रमिक कल्याण–बैठक

श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन की अध्यक्षता में नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के संचालक मंडल की बैठक आयोजित की गई। इसमें निर्माण श्रमिक और उनके परिवारजनों के हितों के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पहले से पंजीकृत निर्माण श्रमिक जिन्होंने अपना नवीनीकरण नहीं कराया है, वे अब इकतीस दिसंबर तक अपने पंजीयन का नवीनीकरण करा सकते हैं।

बैठक में अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीयन ई–श्रम पोर्टल में कराने का निर्णय लिया गया, जिससे सरकार की योजनाओं का उन्हें लाभ मिल सके। साथ ही मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक कोंचिग सहायता योजना के तहत् श्रमिकों के बच्चों के लिए प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने निःशुल्क ऑफलाईन और ऑनलाईन कोचिंग की भी व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया है।

मौसम

एक निम्न दाब का क्षेत्र पश्चिम बंगाल और उससे लगे झारखंड के ऊपर स्थित है तथा इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा विस्तारित है। इसके पश्चिम–उत्तर–पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने और अधिक प्रबल होकर झारखंड और उसके आसपास अगले चौबीस घंटे में पहुंचने

की संभावना है। इसके असर से प्रदेश में कल अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। साथ ही उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने और आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है।

मौसम विभाग के अनुसार अगले अड़तालीस घंटों में राजधानी रायपुर समेत सरगुजा, जशपुर, बिलासपुर, मुंगेली, बलौदाबाजार, महासमुंद, दुर्ग, बालोद, बेमेतरा और कबीरधाम जिलों में भारी बारिश हो सकती है। वहीं, कोरिया, मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर, सूरजपुर, बलरामपुर और कोरबा जिलों में भारी से अतिभारी बारिश होने की संभावना है।

## बातों–बातों में

प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार केन्द्रीय नीति आयोग के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे संपूर्णता अभियान पर योजना, आर्थिक और सांख्यकीय विभाग के सचिव अंकित आनंद से ली गई भेंटवार्ता प्रसारित की जाएगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी केंद्र रायपुर से कल तीन अगस्त को सुबह साढ़े दस बजे से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अविभाजित मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित रविशंकर शुक्ल की जयंती पर आज उन्हें नमन किया है।

– रायपुर के शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए कल तीन अगस्त को स्वर्णप्राशन कराया जाएगा। चिकित्सालय के कौमारभृत्य बाल रोग विभाग में सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक इसका सेवन कराया जाता है।

– पेरिस ओलम्पिक में पुरूषों के पचास मीटर राइफल तीन पोजीशन में भारत को कांस्य पदक मिलने पर भारतीय डाक विभाग, छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल द्वारा विशेष कैन्सलेशन कैचेट का विमोचन किया गया।

– मनेंद्रगढ़ के बाला विकासखण्ड की प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक पारसराम वर्मा को अभद्रता के आरोप में निलंबित कर दिया गया है।

और

– बलौदाबाजार जिले में आज से पन्द्रह दिवसीय मल्लखंब कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>